INTERNATIONAL INDIAN SCHOOL BURAIDAH

Mid Term Sample Question Paper ( 2025– 2026) SUBJECT : HINDI

Class : VII _________ Max . Marks : 80

---

## खंड – क { 5 Marks }

प्र.अ-निम्नलिखितअपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए। (1x5=5)

विज्ञान ने मानव जीवन को बहुत आसान बना दिया है। आज हम ऐसे युग में जी रहे हैं जहाँ हर काम के लिए मशीनें मौजूद हैं। सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक हम किसी न किसी मशीन का उपयोग करते हैं। कंप्यूटर, मोबाइल फोन, इंटरनेट,वाशिंग मशीन, माइक्रोवेव, और गाड़ियाँ – ये सब विज्ञान की ही देन हैं।इंटरनेट ने तो पूरी दुनिया को एक छोटे से गाँव में बदल दिया है। अब हम घर बैठे-बैठे दुनिया के किसी भी कोने में बैठे व्यक्ति से बात कर सकते हैं, जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और सामान खरीद सकते हैं। शिक्षा, व्यापार और मनोरंजन के क्षेत्र में भी विज्ञान ने क्रांति ला दी है।लेकिन विज्ञान के कुछ नकारात्मक पहलू भी हैं। मशीनों पर अत्यधिक निर्भरता ने मनुष्य को आलसी बना दिया है। शारीरिक श्रम कम होने से अनेक बीमारियाँ बढ़ रही हैं। पर्यावरण प्रदूषण भी विज्ञान के दुरुपयोग का ही परिणाम है। इसलिए, हमें विज्ञान का सही और संतुलित उपयोग करना चाहिए ताकि इसका लाभ हमें और हमारी आने वाली पीढ़ियों को मिल सके।

१-विज्ञान की देन क्या है?

(क) आलस्य (ख) मशीनें (ग) बीमारियाँ

२-इंटरनेट ने दुनिया को किसमें बदल दिया है?

(क) एक बड़े शहर में (ख) एक अंतरिक्ष यान में (ग) एक छोटे से गाँव में

३-विज्ञान का एक नकारात्मक पहलू क्या है?

(क) घर बैठे-बैठे सामान खरीदना (ख) शारीरिक श्रम का बढ़ना (ग) मशीनों पर अत्यधिक निर्भरता

४-गद्यांश के अनुसार, मशीनों पर निर्भरता से क्या होता है?

(क) मनुष्य अधिक मेहनती बन जाता है। (ख) मनुष्य आत्मनिर्भर बन जाता है। (ग) मनुष्य आलसी बन जाता है।

५-गद्यांश के अनुसार हमें विज्ञान का उपयोग कैसे करना चाहिए?

(क) सही और संतुलित तरीके से (ख) केवल व्यापार के लिए (ग) केवल शिक्षा के लिए

## खंड – ख { 40 Marks }

(पाठ्य पुस्तक पर आधारित प्रश्न)

प्र.आ- निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

CamScanner

(1x5=5)

कहाँ ये भागी जा रही हैं ? वह कौन लक्ष्य है जिसने इन्हें बेचैन कर रखा है ? अपने महान पिता का विराट प्रेम पाकर भी अगर इनका हृदय अतृप्त ही है तो वह कौन होगा जो इनकी प्यास मिटा सकेगा ! बरफ़ जली नंगी पहाड़ियाँ , छोटे – छोटे पौधों से भरी घाटियाँ , बंधुर अधित्यकाएँ , सरसब्ज उपत्यकाएँ – ऐसा है इनका लीला निकेतन ! खेलते – खेलते जब ये जरा दूर निकल जाती हैं तो देवदार , चीड़ , सरो , चिनार , सफेदा , कैल के जंगलों में पहुँचकर शायद इन्हें बीती बातें याद करने का मौका मिल जाता होगा। कौन जाने , बुड्ढा हिमालय अपनी इन नटखट बेटियों के लिए कितना सिर धुनता होगा ! बड़ी – बड़ी चोटियों से जाकर पूछिए तो उत्तर में विराट मौन के सिवाय उनके पास और रखा ही क्या है ?

१) पाठ और लेखक का नाम लिखिए ।
२) 'विराट' शब्द का अर्थ लिखिए ।
३) हिमालय की चोटियाँ इन बेटियों के बारे में क्या जवाब देती हैं ?
४) नदियाँ खेलते-खेलते कहाँ पहुँच जाती है ?
५) कौन भागी जा रही है ?

प्र.इ- निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए । (7x1=7)

१) कनक - २) कौतूहल - ३) अचरज - ४) गुस्से में उबलना ५ ) दस्तूर - ६) साफ़ा ७) गति -

प्र.ई- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (6x3=18)

१) काका कालेलकर ने नदियों को लोकमाता क्यों कहा है ?
२) कठपुतली को धागे से क्यों बाँधा जाता है ?
३) खिलौनेवाला अलग-अलग चीज़ें क्यों बेचता था और वह महीनों बाद क्यों आता था ?
४) हर तरह की सुख सुविधाएँ पाकर भी पक्षी पिंजरे में बंद क्यों नहीं रहना चाहते ?
५) 'शाम एक किसान' कविता को चित्रित करने के लिए किन-किन रंगों का प्रयोग करना होगा ?
६) रोहिणी को मुरली वाले के स्वर से खिलौने वाले का स्मरण क्यों हो आया ?

प्र.उ- नीचे दिए पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए । (5x1=5)

कठपुतली
गुस्से से उबली
बोली – ये धागे
क्यों हैं मेरे पीछे – आगे ?
इन्हें तोड़ दो ;
मुझे मेरे पाँवों पर छोड़ दो।

१. कठपुतली गुस्सा क्यों हो जाती है ?
(क) अपनी सहेलियों को देखकर (ख) अपने आप को धागों में बंधा देखकर (ग) इनमें से कोई नही

२. कठपुतली क्या चाहती है ?
(क) सारे धागे तोड़कर स्वतंत्र होना चाहती है । (ख) सबके साथ मिलकर रहना चाहती है। (ग) इनमें से कोई नही

३. 'गुस्से से उबलना' मुहावरे का अर्थ है -
(क) बहुत अधिक गुस्सा आना (ख) कम-से-कम गुस्सा आना (ग) बहुत थोड़ा गुस्सा आना
४ – कठपुतली कविता के कवि कौन हैं ?
५ – कठपुतली शब्द का अर्थ लिखिए |

CS CamScanner

प्र.ऊ- निम्न दी गई  कविता का सार लिखिए  ।  (1x5 = 5)

१)  हम पंछी उन्मुक्त गगन के

## खंड – ग  { 17Marks }

## भाषा की बात (व्याकरण परआधारित प्रश्न)

प्र.ऋ- निम्नलिखित व्याकरण अधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर उपयुक्त विकल्प चुनकर दीजिए ।  (1x12=12)

१) 'चिकनाहट' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है -
(क) चिकना  (ख) आहट  (ग) हट

२) कवि शब्द का स्त्रीलिंग है-
(क) कवित्री  (ख) कवियित्री  (ग) कवयित्री

३) 'नदी' शब्द का बहुवचन होगा-
(क) नदीयाँ  (ख) नादियाँ  (ग) नदियाँ

४) 'हवा' शब्द का पर्यायवाची नहीं है-
(क) अनल  (ख) पवन  (ग) वायु

५) 'अपना' शब्द का विलोम है –
(क) हमारा  (ख) तुम्हारा  (ग) पराया

६) ' पवन' का संधि विच्छेद क्या है -
(क) प + अवन  (ख) प + वन  (ग) पौ + अन

७) श, ष,स ,ह _______ व्यंजन है -
(क) संयुक्त  (ख) स्पर्श  (ग) ऊष्म

८) 'हित चाहने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द चुनिए -
(क) हित्षी  (ख) हितैषी  (ग) जिज्ञास

९) 'उपदेश' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है -
(क) उप  (ख) उ  (ग) अप

१०) ' पट ' शब्द के अनेकार्थक शब्द हैं -
(क) कपाट, वस्त्र ,पान  (ख) कपाट, छत ,पक्ष  (ग) कपाट, वस्त्र ,छत

११ ) अनुनासिक चिह्न के उचित प्रयोग वाला शब्द है -
(क) आँख  (ख) पतंग  (ग) संकट

१२ ) भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान किस से होता है ?
(क) व्याकरण से  (ख) लिखने से  (ग) लिपि से

CS CamScanner

प्र.ए ) मौखिक तथा लिखित भाषा के चार – चार उदाहरण लिखिए । (2)

प्र- ऐ ) लिपि किसे कहते हैं । ( 1½ )

प्र-ओ) उपसर्ग की परिभाषा लिखिए । ( 1½ )

## खंड – घ { 18 Marks}
### (रचनात्मक लेखन कौशल पर आधारित प्रश्न)

प्र.क - निम्नलिखित विषयों किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए । (5)

(i) स्मार्ट क्लास की उपयोगिता
(ii) जब में पहली बार विमान में बैठा


प्र.ख- अपने मित्र को छुट्टियाँ अपने साथ बिताने के लिए आमंत्रित करते हुए एक पत्र लिखिए । (5)

अथवा

पुस्तक विक्रेता से पुस्तक मंगवाने के लिए ईमेल लिखिए ।

प्र.ग - पेन या लेखन सामग्री का विज्ञापन 25-50 शब्दों में लिखिए । (4)

प्र.घ- दिए चित्र को देखकर चार से पाँच वाक्य लिखिए । (4)



*********************************************************************************************

CamScanner